बिन राधे ना है कदर कन्हैया की

हो हो हो मुरलिया मोहन की,
बिन राधे ना है कदर कन्हैया की.....

जो कान्हा तू अच्छा बोले सिर पर मुकुट पहना दूंगी,
जो कान्हा तू करे लड़ाई खोल के बाल भगा दूंगी,
हो हो हो मुरलिया मोहन की.....

जो कान्हा तू अच्छा बोले पीतांबर पहना दूंगी,
जो कान्हा तू करे लड़ाई धोती खोल भगा दूंगी,
हो हो हो मुरलिया मोहन की.....

जो कान्हा तू अच्छा बोले निरखूआ दूध पिला दूंगी,
जो कान्हा तू करे लड़ाई बछड़ा खोल पिला दूंगी,
हो हो हो मुरलिया मोहन की.....

जो कान्हा तू अच्छा बोले माखन खूब खिला दूंगी,
जो कान्हा तू करे लड़ाई मटकी फोड़ भगा दूंगी,
हो हो हो मुरलिया मोहन की....

जो कान्हा तू अच्छा बोले राधा से मिलवा दूंगी,
जो कान्हा तू करे लड़ाई डंडा मार भगा दूंगी,
हो हो हो मुरलिया मोहन की......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25854/title/bin-radhe-na-hai-kadar-kanhayia-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |